

पी.के.सक्सेना
महाप्रबंधक

# दक्षिण पश्चिम रेलवे
## महाप्रबंधक का
# 66 वां गणतंत्र दिवस संदेश–2015

**रेल परिवार के प्रिय सदस्यों,**

66वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैं, दक्षिण पश्चिम रेलवे के सभी कर्मचारियों, उनके परिवारजनों तथा हमारे महत्वपूर्ण ग्राहकों को समृद्ध एवं खुशहाल नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

भारतीय रेल देश की प्रगति में सक्रिय भागीदार बनने और सामाजिक–आर्थिक विकास में काफी योगदान करने के लिए वाकई गर्व महसूस करती है। दक्षिण पश्चिम रेलवे इस क्षेत्र के विकास की प्रक्रिया में अपनी ओर से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

मुझे आपको यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि दक्षिण पश्चिम रेलवे विभिन्न क्षेत्रों में अग्रसर हो रही है। यात्री तथा माल यातायात दोनों क्षेत्रों में इस वित्तीय वर्ष के प्रथम नौ महीनों के दौरान निष्पादन उत्साहवर्धक रहा है। चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर, 2014 के अंत तक **1%** बढ़ोतरी करते हुए **146** मिलियन यात्रियों का परिवहन किया गया है। साथ ही दिसंबर 2014 तक प्रारंभिक यात्री अर्जन **19%** बढ़कर **1355** करोड़ रु. हो गए हैं।

कर्नाटक सरकार द्वारा लौह अयस्क के निर्यात पर रोक और खनन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद दक्षिण पश्चिम रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम नौ महीनों के दौरान **7%** की वृद्धि हासिल करते हुए **27.63** मिलियन टन माल का परिवहन किया है। दिसंबर, **2014** के अंत तक माल भाड़ा अर्जन **2401** करोड़ रु. हो गए हैं, जो विगत वर्ष के अर्जन की तुलना में **12%** अधिक है। हमने दिसंबर, 2014 के अंत तक **344** करोड़ रु. की भी परिचालन बचत की है।

दक्षिण पश्चिम रेलवे ने भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संरक्षा, सुरक्षा तथा समय–पालन और यात्रियों को बेहतरीन सेवाएं देने और अवसंरचना के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। दक्षिण पश्चिम रेलवे विभिन्न उपायों द्वारा मुख्यतः सुरंग मार्गों का निर्माण कर **45** मानवरहित समपारों को समाप्त करने में सक्षम हुई है। इस गति को बनाए रखा जाएगा।

हम रेल यात्रियों को सुख–सुविधा मुहैया करवाने के लिए बड़े पैमाने पर ऑडियो–विडियो पूछताछ टर्मिनल, डिजिटल डिसप्ले बोर्ड, कोच लोकेटिंग गाइडिंग सिस्टम, एस.एम.एस. आधारित शिकायतों का निवारण, ई–टिकटिंग, एस.एम.एस. के जरिए टिकटों की बुकिंग आदि चालू करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी का अधिकाधिक प्रयोग कर रहे हैं।

सुलभ ही टिकट उपलब्ध कराने की दृष्टि से **249** स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट प्रणाली (यू.टी.एस.) तथा **158** स्थानों पर आरक्षित टिकट प्राप्त करने की सुविधा मुहैया कराई गई है। इसके अतिरिक्त यात्रा करने वाले यात्रियों को अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए **49** जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवकों की नियुक्ति की गई है।

हम सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे स्टेशनों पर तथा रेल गाडियों में सुरक्षा साधनों को लगातार मजबूत कर रहे हैं। हमारी सुरक्षा योजना में गाडियों को एस्कॉर्ट करना, सुरक्षा की निगरानी बढ़ाना और रेलवे परिसरों से अप्राधिकृत व्यक्तियों को हटाना प्रमुख बिंदु हैं। महिलाओं के डिब्बों की देखभाल पर विशेष बल देते हुए चुनिंदा असुरक्षित सेक्शनों में **91** गाडियों में रेल सुरक्षा बल / राजकीय रेलवे पुलिस के पर्याप्त कर्मचारियों को एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात किया गया है। **11** बड़े स्टेशनों पर अर्थात् तीन मंडल मुख्यालय पर, यशवंतपुर और हुबली मंडल में सात स्टेशनों पर क्लोज सर्किट कैमरे लगाए गए हैं। बेंगलूरु, यशवंतपुर और मैसूर रेलवे स्टेशनों पर कारगरता बढ़ाने के लिए एकीकृत सुरक्षा प्रणाली लागू की जा रही है।

माननीय प्रधान मंत्री जी के स्वच्छ भारत मिशन के अधीन **2** अक्तूबर, **2014** को दक्षिण पश्चिम रेलवे के विभिन्न स्टेशनों, रेलवे कोलोनियों और कार्यस्थल आदि पर एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया और इन अभियानों को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

विगत वर्ष के रेल बजट में घोषित **18** नई गाडियों में से **11** नई गाडियों का शुभारंभ कर दिया गया है। इसके अलावा **2** जोड़ी गाडियों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं।

रेल यात्रियों की मांग को पूरा करने और यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने हेतु अप्रैल **2014** से दिसंबर **2014** के दौरान **3503** विशेष गाडियों के फेरे चलाए गए और नियमित गाडियों के साथ 3103 अतिरिक्त कोच जोड़े गए। दिसंबर **2014** तक दक्षिण पश्चिम रेलवे का समय–पालन निष्पादन **97%** रहा, जो रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप है।

हमारी सभी गतिविधियों में **'ग्राहक'** केंद्रबिंदु बने रहना आगे भी जारी रहेगा। हमारा प्रामाणिक संकल्प तथा प्रयास है कि हमारी सेवाएं यात्री हितैषी हो और रेल यात्रा आरामदायक हो। इसे दक्षिण पश्चिम रेलवे पर कार्यान्वित करने के लिए हम पर्यावरण अनुकूल जैव–शौचालय, अत्याधुनिक यंत्रीकृत धुलाई–घर के जरिए अच्छी गुणवत्ता के वस्त्र मुहैया करने, स्टेशनों और कोचों आदि में यंत्रीकृत सफाई प्रारंभ करने के लिए कदम उठा रहे हैं।

यात्रियों की सुविधाएं, आरामदायकता, वातावरण तथा सौंदर्यीकरण बढ़ाने हेतु दक्षिण पश्चिम रेलवे पर अब तक कुल 22 स्टेशनों को **'आदर्श स्टेशन'** के रूप में आधुनिकीकरण किया गया है। 4 और स्थानों को आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित करने का कार्य प्रगति पर है। विभिन्न यात्री सुख–सुविधाओं में व्यवस्थित सुधार लाने के लिए **19.81** करोड़ रु. की राशि खर्च की गई है। हुबली स्टेशन पर प्लेटफार्म नं.1 से 2 व 3 को जोड़ने वाले सुरंग मार्ग को प्लेटफार्म नं.4 व **5** तक विस्तार किया गया है। समापन संबंधी कार्य अंतिम चरण पर हैं।

दक्षिण पश्चिम रेलवे के द्वारा अवसंरचना एवं लाइन क्षमता में वृद्धि करने के लिए विशेष बल दिया जा रहा है। मुझे आपको यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान दिसंबर **2014** तक रामनगरम–मैसूरु **दोहरीकरण** (91.5 कि.मी.) से संबंधित **19** कि.मी. हिस्से को **2** जुलाई **2014** को यात्री यातायात के लिए खोल दिया गया है। बिरूर–शिवनि दोहरीकरण के **11** कि.मी. हिस्से का और शिवनि–होसदुर्गा दोहरीकरण के **10** कि.मी. लंबाई का दोहरीकरण संबंधी कार्य लक्ष्य के अनुसार पूरा हो चुका है और इन दो ब्लॉक सेक्शनों को मार्च **2015** तक यातायात के लिए चालू किया जाएगा। रामनगरम–मैसूर दोहरीकरण परियोजना के **10** और कि.मी. के दोहरीकरण का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और दिसंबर **2014** के दौरान इंजन रोलिंग भी की जा चुकी है। होसदुर्गा–चिक्कजाजूरू दोहरीकरण परियोजना के **10** कि.मी. के हिस्से का दोहरीकरण संबंधी निर्माण कार्य भी लक्ष्य के अनुसार पूरा हो चुका है। इसके अलावा हासन–बेंगलूरु का एक भाग (166 कि.मी.), बी.जी. नगर–येडियूर सेक्शन के बीच **नई रेल लाइन** के **16** कि.मी. के हिस्से का निर्माण कार्य **30** नवंबर **2014** को पूरा हो चुका है।

दक्षिण पश्चिम रेलवे की सबसे बहुमूल्य संपत्ति हमारा गतिमान तथा समर्पित कार्य बल है। उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करना हमारा उत्तरदायित्व है और उनके कल्याण व उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कर्मचारी हितलाभ निधि के अधीन कई कर्मचारी कल्याण संबंधी गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

दक्षिण पश्चिम रेलवे के महिला कल्याण संगठन के द्वारा चलाई जा रही कल्याण उन्मुख सामाजिक गतिविधियों की जितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम है। मैं इस क्षेत्र में कला तथा संस्कृति को बढ़ावा देने में सराहनीय भूमिका निभाने के लिए दक्षिण पश्चिम रेलवे के सांस्कृतिक संघ "चिलबिल" का अभिनंदन करता हूं। जरूरत के समय निस्वार्थ सेवा प्रदान कर रहे दक्षिण पश्चिम रेलवे के नागरिक सुरक्षा एवं स्काउट एवं गाइड्स यूनिटों का भी मैं अभिनंदन करना चाहता हूं। चालू वर्ष के दौरान खेलकूद के क्षेत्र में हमारी रेलवे के खिलाड़ियों ने अखिल भारतीय रेल चौंपियनशिप की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हमारी रेलवे का नाम रोशन किया है।

हमने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, उसमें दक्षिण पश्चिम रेलवे के मान्यता प्राप्त यूनियनों और अन्य एसोसिएशनों के सकारात्मक सहयोग का भी बड़ा योगदान रहा है। सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध बनाए रखने में उनके सक्रिय सहयोग के लिए और कार्य–बल में मनोबल ऊँचा बनाए रखने के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

मैं, इस अवसर पर, हमारे उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कड़ी मेहनत करने वाले उन सभी अधिकारियों, पर्यवेक्षकों तथा कर्मचारियों को भी बधाई देता हूं। आइए, अपने निष्पादन बढ़ाने हेतु हम एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प करें।

मैं, आप सभी एवं आपके परिवारजनों की शांति व समृद्धि तथा भविष्य की सभी सद्प्रयासों में सफलता की कामना करता हूं।

**जय हिंद !**

हुब्बल्लि
26 जनवरी,2015

**(पी.के.सक्सेना)**
महाप्रबंधक

# Important Events - 2014-15



Smt. Neelima Saxena, President, SWR Women's Welfare Organization seen distributing Gifts to an inpatient of Railway Central Hospital, Hubli on the occasion of Independence Day celebrations of SWRWWO held on 15-08-2014. Other Executive members of SWRWWO are also seen.



Shri P.K. Saxena, GM/SWR seen inspecting the RPF Parade on the occasion of RPF Raising Day held at Railway Sports Ground, Hubli on 29-09-2014. Shri R.P. Pawar, Dy.CSC/SWR looks on.




Shri D.V. Sadananda Gowda, Former MR seen presenting a prestigious MR's Civil Engineering (Construction) Efficiency Shield bagged jointly by South Western Railway and Northeast Frontier Railway for 2013-14, receiving by Shri P.K. Saxena, GM/SWR & GM/NFR at the 59th National Awards Presentation Ceremony held at Bangalore on 10-10-2014.



Shri D.V. Sadananda Gowda, Former MR seen flagging off Sukhamangalam Yatri Special and Inauguration of Wi-Fi at Bangalore Railway Station on 25-10-2014. Shri Ananth Kumar, Union Minister of Chemicals & Fertilisers and other dignitaries are also seen.



:Shri D.V. Sadananda Gowda, Former MR seen flagging off 3 pairs of trains viz., between Yesvantpur-Nelamangala-Yesvantpur, Yesvantpur-Hosur-Yesvantpur & Bangalore City -Tumkur-Bangalore City at a function held at Yesvantpur Rly. station on 01-11-2014. Shri Ananth Kumar, Union Minister of Chemicals & Fertilisers & other dignitaries are seen.



Shri P.K. Saxena, GM/SWR seen welcoming by presenting a bouquet to Smt. Bijoya Chakravarty, Chairperson of Parliamentary Committee on Empowerment of Women at a meeting held at Bangalore on 13-11-2014.




Shri P.K. Saxena, GM/SWR seen addressing at the Mahaparinirwan Diwas of Bharath Ratna Dr. Baba Saheb Ambedkar held at Railway Officers' Club(ROC), Hubli on 08-12-2014. Shri K. Harikrishnan, CPO/SWR looks on.



Shri P.K. Saxena, GM/SWR seen inspecting the way side station as part of Annual Inspection of Bangalore-Tumkur section of Bangalore Division held on 15-12-2014. DRM/SBC and others are seen.



Shri P.K. Saxena, GM/SWR seen inspecting Nittur Railway station as part of Annual Inspection of Tumkur-Arsikere section of Mysore Division held on 15-12-2014. DRM/MYS and others are seen.



P.K. Saxena, GM/SWR seen releasing New Year Calenders & Diaries of SWR at a function held at GM's Office Conference Hall, Hubli on 01-01-2015. Other Senior Officials are also seen.



Shri P.K. Saxena, Patron, SWRSA & GM/SWR, seen presenting Railway Board's cash award of Rs. 2,71,250/- to Shri Sajan Prakash, outstanding swimmer of SWR who participated in National & International Swimming events & won Medals, at the Felicitation function of Sports Persons of SWR, held at GM's Conference hall, Hubli on 02-01-2015.



Shri P.K. Saxena, Patron, SWRSA & GM/SWR seen patting the SWR's Hockey Team on 21-01-2015 for winning "A" Division Runners Up Hockey League Championship Trophy conducted by Karnataka State Hockey Association held at Bangalore on 11-01-2015.